तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 6 दिसम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



3 टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट विषय पर हुई दो दिवसीय कार्यशाला




## खबर संक्षेप

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की संशोधित समय-सारणी जारी

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाए जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी संशोधित कार्यक्रम अनुसार आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया में वृद्धि की गई है। जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम की तिथियां बदल गई हैं। संशोधित तिथियों के अनुसार एन्यूमरेशन पीरियड 11 दिसंबर तक चलेगा। मतदान केंद्र का पुनर्व्यवस्थापन 11 दिसंबर तक कर दी गई है। इसी प्रकार कन्ट्रोल टेबल में अद्यतनीकरण तथा मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन की तैयारी 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 दिसंबर को किया जाएगा। दावा आपत्ति दर्ज करने की संशोधित अवधि 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। प्राप्त दावा-आपत्ति पर सुनवाई और सत्यापन तथा निराकरण का कार्य 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक चलेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

### तातापानी महोत्सव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलरामपुर।** तातापानी महोत्सव मकर संक्रांति पर्व 2026 के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर को नोडल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर अभिषेक गुप्ता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है साथ ही उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को कार्य एवं दायित्व सौंपा है। कलेक्टर श्री कटारा ने पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग, वनमण्डलाधिकारी को बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी है। इसी प्रकार संबंधित एवं विभागीय अधिकारियों को विभिन्न कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। जिसमें सम्पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था, विभागीय स्टॉलों का आबंटन, बैठक व्यवस्था, मेला स्थल समतलीकरण, सुधार कार्य, लेआउट, बैरिकेडिंग, मंच निर्माण, टेंट-पंडाल, साउण्ड सिस्टम की व्यवस्था एवं शासकीय स्टॉल का निर्माण, दुकानों हेतु स्थल चिन्हांकन, आबंटन, पार्किंग व्यवस्था, तातापानी मेला स्थल पर निर्बाध विद्युत की व्यवस्था, मंदिर परिसर की साज-सज्जा, स्वच्छता, नेटवर्किंग व्यवस्था, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी, तातापानी महोत्सव के प्रचार-प्रसार जैसे अन्य कार्यों का दायित्व सौंपा गया है।

## 80 हजार 595 मतदताओ के फॉर्म अब तक जमा नहीं

# सरगुजा में अब तक 99 प्रतिशत तक पूर्ण हुई एसआईआर की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुए एक महीने का समय पूर्ण हो गया है। इस दौरान सरगुजा जिले में अधिकारियों द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया लगभग पूर्ण होने की बात कही जा रही है लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग है जिन्हें या तो गणना प्रपत्र नहीं मिल पाया है या फिर वे अपना गणना प्रपत्र जमा नहीं कर पाए है। हालांकि अब चुनाव आयोग दवरा एसआईआर की तिथि बढाकर 11 दिसम्बर कर दी गई है जिससे लोगों क समय मिल गया है जबकि बीएलओ को भी राहत मिली है।

**खास बात**

- 11 दिसम्बर तक अंतिम तिथि

बता दें कि वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रदेशभर में शुरू की गई है। एसआईआर की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू हुई। शुरुआत में 4 दिसम्बर तक एसआईआर की पहले चरण की घोषणा की गई थी लेकिन घर घर जाकर फॉर्म बांटने और फॉर्म भरने में आ रही दिक्कतों के कारण अब चुनाव आयोग ने गणना प्रपत्र भरने की तिथि बढ़ाकर 11 दिसम्बर कर दी है जिससे राजनैतिक दलों के साथ ही बीएलओ को भी थोड़ी राहत मिली है।



एसआईआर करते बीएलओ।

### कहा कितने फार्म अपलोड

| विधानसभा | पोलिंग बूथ | मतदाता | फॉर्म बटे | फॉर्म ऑन लाइन जमा हुए | फॉर्म अब तक जमा नहीं हुए |
|---|---|---|---|---|---|
| भटगांव - | 6 | 6552 | 6552 | 5686 | 868 |
| लुंड्रा - | 254 | 202085 | 202055 | 185031 | 15961 |
| अंबिकापुर- | 283 | 265936 | 265935 | 220109 | 43803 |
| सीतापुर- | 245 | 206959 | 206959 | 186465 | 19959 |

इस बीच जो जानकारी सामने आई है उसके सरगुजा जिले में लगभग 99 प्रतिशत एसआईआर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। प्रशासन द्वारा प्रतिदिन जारी की जाने वाली रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर मतदाताओं के गणना प्रपत्र ऑनलाइन किए जा चुके है लेकिन राजनैतिक दलों का कहना है कि अभी भी सरगुजा जिले में शहरी क्षेत्र में बहुत से ऐसे मतदाता है जिन्हें गणना प्रपत्र मिल ही नहीं पाया है। इतना ही नहीं अब तक 80 हजार 595 मतदताओ के अब तक एसआईआर फॉर्म जमा नहीं हो पाए है।

### लोगों को नहीं मिल रहे गणना प्रपत्र

एसआईआर के दौरान राजनैतिक दलों की ओर से जानकारी आ रही है कि अभी भी बड़ी संख्या में लोगों के गणना प्रपत्र नहीं मिल पा रहे है। बीएलओ के पास लोगों के गणना प्रपत्र नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजनैतिक दलों का कहना है कि प्रक्रिया को पूर्ण करने के चक्कर में बीएलओ ने गणना प्रपत्र के बार कोड को ऑनलाइन स्कैन कर लिया है इस लिए गणना प्रपत्र शत प्रतिशत वितरित बता रहे है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में इसपर अच्छा काम हुआ है लेकिन शहरी क्षेत्रों में अभी भी ऐसे अनेकों मतदाता है जो अपना एसआईआर का फॉर्म नहीं भर पाए है। इसके साथ ही प्रत्येक पोलिंग बूथ में 100 से 150 गणना प्रपत्र बचने की बात सामने आ रही है ऐसा इस लिए क्यों कि बहुत से मतदाता स्थानांतरित हो गए है, मृत हो गए है अथवा उनके नाम दो पोलिंग बूथ पर थे।

### चल रही है प्रक्रिया

एसआईआर की प्रक्रिया निरंतर जारी है। बीएलओ वार्ड में जाकर अपना जाम कर रहे है। अब 11 दिसम्बर तक फॉर्म भरे जाएंगे। इसके बाद अपना नाम जुडवाने के लिए आवेदन के साथ गणना प्रपत्र जमा करना होगा और टीम जाकर आवेदन की जांच करेगी। जो मतदाता अभी अपने दस्तावेज जमा नहीं करा पा रहे है वे भविष्य में भी अपने दस्तावेज जमा करा सकते है। हमारा प्रयास है कि शत प्रतिशत एसआईआर की प्रक्रिया पूर्ण हो।

**-सुनील नायक**, अपर कलेक्टर

## 56 नामजद समेत 200 के खिलाफ जानलेवा हमला, बलवा का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अमेरा कोल खदान विस्तार का विरोध करने के दौरान पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ सरगुजा पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में 56 नामजद आरोपियों के साथ ही 150 अन्य आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। इधर शुक्रवार को भी पुलिस की टीम गांव में तैनात रही और पुलिस के कड़े पहरे के बीच खदान में उत्खनन का कार्य शुरू करा दिया गया है। बुधवार तक जिस स्थान पर किसानो के खेत थे अब वहां बड़ी बड़ी मशीनों से गड्ढे खोदकर कोयला उत्खनन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

- परसोडीकला में तैनात है पुलिस फोर्स

बता दें कि लखनपुर के अमेरा खुली खदान के विस्तार का परसोडीकला के ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। बिना मुआवजा और नौकरी का वितरण किए भूमि अधिग्रहण करने और काम शुरू करने का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। विरोध प्रदर्शन उस समय उग्र हो गया जब एसईसीएल प्रबंधन और गुजरात की एलसीसी कंपनी पुलिस फोर्स के साथ खदान से कोयला निकालने के लिए पहुंची। ग्रामीणों ने खदान विस्तार का विरोध करते हुए पुलिसकर्मियों पर जमकर पत्थर चलाए। इधर जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से भी पत्थर चलाने के साथ ही आंसू गैस के गोले छोड़े गए और लाठी भांजी गई। दो से तीन राउंड हुए झड़प में 50 से अधिक पुलिसकर्मी, अधिकारी कर्मचारी घायल हुए जबकि दूसरी ओर दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों को भी गंभीर चोट आई है। पुलिस प्रशासन ने पूर्व में ही विरोध प्रदर्शन कर रहे दस लोगों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है जबकि अब पुलिस ने बलवा, हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य गंभीर आरोपों में ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने 56 नामजद आरोपियों के साथ ही 150 अन्य आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 121, 126, 132, 190, 191(2), 191(3), 221, 296 के तहत अपराध दर्ज किया है। अपराध दर्ज होने के बाद अब अपनी जमीन गवां चुके ग्रामीणों के सामने गिरफ्तारी और जेल जाने का डर समा गया है।

### चल रही है जांच

स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। पत्थरबाजी, मारपीट के मामले में 56 नामजद समेत 150 अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**-अमोलक सिंह ढिल्लो**, एएसपी

## तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से गई युवक की जान, दुर्घटना के बाद भड़का जनआक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

नगर पंचायत जरही में गुरुवार रात करीब 9 बजे अंबिकापुर–बनारस मुख्य मार्ग पर एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 15 ईएच 2400 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए 20 वर्षीय युवक को रौंद दिया जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र के लोग काफी आक्रोशित हो गए और कार को घेर कर आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते कार आग की लपटों में घिर गई और कुछ ही मिनटों में बुरी तरह जल गई।

- भीड़ ने वाहन को किया आग के हवाले

जानकारी के अनुसार कुछ किसान शाम को पैरा लोड कर ट्रैक्टर-ट्रॉली से ग्राम कोरंधा की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान नगर पंचायत जरही स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ग्रामीण और किसान मिलकर पैरा दोबारा भरने में लगे हुए थे तभी तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सीधे उनकी ओर आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक नशे में था और वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया। पहले उसने सड़क किनारे खड़े ट्रक को जोरदार टक्कर मारी और फिर सामने खड़े युवक को सीधे कुचल दिया। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक पैरा के साथ कार के नीचे फंस गया और वाहन उसे करीब 100 मीटर तक घसीटता चला गया। जब वाहन रुका और ग्रामीण पहुंचे, तब तक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था और कुछ समय बाद मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना को देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने कार को चारों ओर से घेर कर आग के हवाले कर दिया। कुछ ही देर में वाहन लपटों में घिर गया और रात भर जलता रहा। इधर घटना की सूचना मिलते ही भटगांव पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उग्र भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान हृदय लाल राजवाड़े आ. हिम्मत लाल राजवाड़े (20 वर्ष) निवासी ग्राम कोरंधा के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भटगांव अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है। उसकी मेडिकल जांच कराई जाएगी, ताकि नशे की पुष्टि हो सके। पुलिस टीम हादसे के सभी तथ्यों की बारीकी से जांच कर रही है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना न हो इसे लेकर ट्रैफिक व्यवस्था कड़े करने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने जरही क्षेत्र हाईवे पर वाहनों की रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटना होने पर सड़क सुरक्षा उपाय, स्पीड कंट्रोल तथा पुलिस की नियमित गश्त की मांग की है।



धू-धूकर कर जलती कार, इनसेट में मृतक।

## महिला व युवती की तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों में एक महिला भी शामिल



**अंबिकापुर।** काम दिलाने का झांसा देकर महिला और युवती को उज्जैन में बेचने वाले गिरोह के मुख्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी करने वाली महिला व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी वारदात का खुलासा होने के बाद से फरार चल रहे थे। बता दें कि सरगुजा के मणिपुर थाना क्षेत्र के साथ ही लखनपुर क्षेत्र से एक शादी शुदा महिला और युवती को काम दिलाने के नाम पर उज्जैन में लेजाकर दो से ढाई लाख रुपए में बेचने का मामला सामने आया था। इनमें से दो बच्चों की मां की आरोपियों ने जबरन शादी भी करा दी लेकिन दूसरी युवती किसी तरह तस्करों के चंगुल से भाग निकली थी। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम उज्जैन रवाना हुई थी जहां से उन्होंने दूसरी महिला को भंवर सिंह के कब्जे से बरामद कर उसके अन्य साथी मुकेश ⏭ शेष पेज 4 पर


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


## 10 बाइक से ला रहे थे यूपी से 30 बोरी धान, तहसीलदार ने किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पड़ोसी राज्यों का धान उपार्जन केंद्रों में खपाने के उद्देश्य से कोचिए नए-नए तरीकों को अपना रहे हैं। प्रशासन की संयुक्त टीम ने जंगल में कोचियों द्वारा रास्ते में मोटरसाइकिल से लाए जो रहे 10 बाइक सहित 30 बोरी अवैध धान को जब्त किया है। प्रशासन की सख्ती के बावजूद कोचिए सुरक्षित स्थानों पर पड़ोसी राज्यों का धान भंडारित कर रहे हैं साथ ही धान परिवहन के लिए नए-नए तरीको का उपयोग कर रहे हैं। बीती रात सनावल जंगल के रास्ते उपार्जन केन्द्रों में खपाने के उद्देश्य से कोचिए अलग-अलग 10 मोटरसाइकिल में 3-3 बोरी यूपी का धान लोड कर ला रहे थे। इधर गश्ती के दौरान तहसीलदार आईसी यादव कोचियों को फर्राटे भरते देख रोका तथा बाइक व अवैध धान जब्त कर सनावल पुलिस के सुपुर्द किया। अपर कलेक्टर आरएन पाण्डेय के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने चांदो निवासी रामविलास वही दूसरी टीम ने ग्राम नवाडीह निवासी दुर्गेश गुप्ता के घर 173 बोरी धान जब्त किया है। राजपुर तहसील अंतर्गत तहसीलदार कावेरी मुखर्जी ने धान उपार्जन केंद्र ग्राम भेंडारी में राजकुमार द्वारा बेचने के लिए लाए गए 240 बोरी अवैध धान को जब्त किया है।

- संयुक्त टीम ने अलग-अलग स्थानों से किया 347 बोरी अवैध धान जब्त



### लटोरी व करवां गांव में 309 बोरी अवैध धान स्टॉक को किया गया जब्त

बिश्रामपुर। खरीफ विपणन वर्ष में जिले में शासन के निर्देशानुसार धान के अवैध क्रय विक्रय पर कड़ी निगरानी की कार्यवाही लगातार जारी है,इसी क्रम में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध रूप से धान खपाए जाने की आशंका पर त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के लटोरी व करवां में दो स्थानों से अवैध धान जब्ती की कार्यवाही की गई है,बताया जा रहा है कि संबंधित अधिकारियों की टीम द्वारा ग्राम लटोरी में मुंशीपाल सिंह के किसान क्रांति दुकान से 200 बोरी तथा ग्राम करवां में जयंत कुमार जायसवाल के गोदाम परिसर से 109 बोरी धान राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जब्त किया गया है,जब्त किए गए धान एवं संबंधित वाहन पर छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्यवाही की गई है,बताया जा रहा है कि अब तक सुरजपुर जिले में 35 प्रकरण दर्ज कर 2,697 क्विंटल धान जब्त किया जा चूका है।


Presented by :
SANKATMOCHAN
INFRAESTATE
भव्य मंदिर
क्लब हाउस व स्वीमिंग पुल
CLUB HOUSE
बच्चों के खेलने के लिए गार्डन
सांवरिया ग्रीन सिटी
सेंदरी मोपका बाईपास, बिलासपुर
अपनी जमीन, अपना भविष्य
सेंदरी मोपका में
आज ही निवेश करें।
SAWARIYA GREEN CITY
APPROVED
RERA
APPROVED
प्रोजेक्ट की खास बातें
▪ मेगा टाउनशिप
▪ एरोबिक्स योगा रुम
▪ इलेक्ट्रिसिटी
▪ 24/7 सिक्योरिटी
▪ थीम वाली लैंडस्केपिंग
▪ इनडोर गेम्स
▪ वाटर सप्लाई
▪ गेटेड कम्युनिटी
▪ फिटनेस के लिए इक्विपैड जिम
▪ वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं
▪ वाइड रोड्स
▪ सीसीटीवी कैमरा
लोकेशन इतनी खास... आप रहें हर सुविधा के पास...
SCHOOL
कृष्णा पब्लिक स्कूल मात्र 2.9 कि.मी. दूरी पर
अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी मात्र 1.7 कि.मी. दूरी पर
राज्य मानसिक अस्पताल मात्र 2.5 कि.मी. दूरी पर
COLLEGE
सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज मात्र 1.7 कि.मी. दूरी पर
गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी मात्र 2.5 कि.मी. दूरी पर
प्रस्तावित कैंसर अस्पताल मात्र 2.7 कि.मी. दूरी पर
अचीवर्स पब्लिक स्कूल मात्र 1.0 कि.मी. दूरी पर
सरकारी आईटीआई 2.5 कि.मी. दूरी पर
आफिस एड्रेस : प्रथम तल, एफ-13 सागर गोल्डन स्क्वायर मंगला चौक, बिलासपुर
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 8519009100
ASSOCIATED FIRM'S:-
DADURAM TRADERS
SHRI MAHALAXMI ASSOCIATE
J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुए खूनी संघर्ष को लेकर कांग्रेस की जांच टीम गठित

**अंबिकापुर।** अमेरा कोल खदान के विस्तार को लेकर परसोडीकला में हुए विरोध प्रदर्शन और पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच झड़प के ममले में अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच टीम का गठन किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह को संयोजक बनाया है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री के नेतृत्व में दस सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। टीम में सदस्य के रूप में विधायक इंद्रशाह मंडावी, विधायक जनक ध्रुव, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, पूर्व जिपं अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा सोनी, डीसीसी उपाध्यक्ष मुनेश्वर राजवाड़े, जिपं सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा को शामिल किया गया है। जांच समिति प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों, प्रभावितों से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। बता दें कि कोल खदान के विस्तार को लेकर विरोध प्रदर्शन ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया था जिसमें पुलिस व ग्रामीणों की ओर से जमकर पत्थरबाजी हुई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ ही लाठी भांजी थी।

### वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन




**उदयपुर।** उप सरपंच संघ ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में उप सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने बताया है कि उयपुर विकासखंड के वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी राधाकृष्ण यादव के भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में कृषि मंत्री को अवगत कराया गया था, जिस पर मंत्री द्वारा कार्यालय सयुक्त संचालक कृषि संभाग सरगुजा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। संघ का आरोप है कि जांच अधिकारियों की मिलीभगत के साथ ही साथ प्रभारी राधा कृषण द्वारा जांच को प्रभावित किया जा रहा है एवं किसानों, लोकल नेताओं को पैसे देकर बयान लिखवाए जा रहे हैं। इस सबंध में उप संचालक को कई बार मौखिक रूप से शिकायत कर सही तरीके जांच कराने तथा वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी को हटाने की मांग की गई जिससे जांच प्रभावित न हो। उप सरपंच संघ ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को हटाने तथा अन्य विभाग के अधिकारी को नियुक्त किए जाने मांग की है।

### गिरने से गंभीर वृद्ध की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** खेत की ओर जा रहा वृद्ध अचानक ठोकर लगने से गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कुबेरपुर निवासी कंगरू नगेसिया आ. स्व. पुठा नगेसिया (80 वर्ष) गुरुवार की दोपहर पैदल खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान ठोकर लगने से गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## देश विदेश के शोधार्थियों ने पेश किया शोध पत्र

# टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट विषय पर हुई दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**
- एसजीजीयू के कुलपति हुए शामिल

इमर्जिंग ट्रेंड्स इन साइंस टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट विषय पर शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। रसायन विभाग एवं आइक्यूएसी द्वारा आयोजित इस सम्मेलन के उद्घाटन में मुख्य अतिथि कुलपति एसजीजीयू प्रो। राजेंद्र लाकपाले शामिल हुए। सम्मेलन में कॉलेज के प्राचार्य एसके टोप्पो ने दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि प्रो राजेंद्र लाकपाले ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शोध एवं अनुसंधान की प्रगति से ही विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने साइंस एवं टेक्नोलॉजी के नए अविष्कार एवं नवाचार पर अपने उद्गार व्यक्त किए। इस सम्मेलन के संयोजक डॉ. रोहित कुमार बारगाह ने कांफ्रेंस की रूपरेखा एवं इसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ अतिथियों द्वारा एब्सट्रेक्ट बुक कान्फ्रेंस प्रोसीडिंग्स का विमोचन किया गया। इस सम्मेलन में पांच अंतर्राष्ट्रीय स्पीकर प्रो. सीए वेलेंटाइन नाइजीरिया, प्रो. इलयोर वर्दिमुरोदोव उज्बेकिस्तान, प्रो. धीरज सिंह चौहान सऊदी अरेबिया, डॉ. श्रीकांत मंडा ऑस्ट्रेलिया, प्रो. कासिफ रहमानी अंसारी चीन के साथ 16 राष्ट्रीय स्पीकर प्रो. डब्लू बी गुरुनुले महाराष्ट्र, डॉ. प्रशांत तिवारी बैंगलोर, प्रो. शैलेंद्र यादव मध्यप्रदेश, प्रो. प्रेम प्रकाश सोलंकी उत्तरप्रदेश, डॉ. श्वेता लिखितकर मध्यप्रदेश, प्रो. एमएम रंगा राजस्थान, प्रो. पुष्पेंद्र सिंह लखनऊ, डॉ डाकेश्वर वर्मा राजनांदगांव, डॉ प्रदीप जांगड़े दुर्ग, प्रो . रजक बिलासपुर, प्रो रश्मि वर्मा बिलासपुर, डॉ. अरुण कश्यप बिलासपुर, प्रो. केएन सिंह बिलासपुर, प्रो. डीके परिहार बिलासपुर, डॉ. प्रशांत शर्मा अंबिकापुर एवं प्रो. एसके श्रीवास्तव द्वारा अलग अलग टेक्निकल सेशन में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। दो दिनों तक चले इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन विकास कुमार एक्का अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के मुख्य आतिथ्य में किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार टोप्पो, प्रो एसके टोप्पो डीन संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय बेस्ट ओरल प्रजेंटेशन अवार्ड बेस्ट पोस्टर प्रजेंटेशन अवार्ड समेत सभी प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।इस सम्मेलन के सफल आयोजन में संयोजक डॉ. रोहित कुमार बरगाह, प्रो बोधराम चौहान, डॉ. प्रवीण साहू, प्रो सरिता देवी, प्रो शीला तिर्की, प्रो सुनील नाग, प्रो आदेश गुप्ता एवं महाविद्यालय के कर्मचारियों ने मुख्य भूमिका निभाई।



सम्मेलन में शामिल कुलपति व अन्य प्रोफेसर।

# हर्राटिकरा रेत खदान के विरुद्ध आक्रोशित ग्रामीण हुए लामबंद, ज्ञापन देकर निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



ग्राम पंचायत हर्राटिकरा के मध्य जगह में प्रस्तावित हर्राटिकरा-2 रेत खदान आबंटन को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री,कलेक्टर,एसडीएम व खनिज अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है, ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि रेत खदान का संचालन शुरू हुआ तो पूरा गांव प्रत्यक्ष रूप से आपदा के मुहाने पर खड़ा हो जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित खदान ग्राम हर्राटिकरा एवं कुंजनगर के मुक्तिधाम के बीच स्थित है,जहां रोज किसी न किसी परिवार की अंतिम विदाई संस्कार होता है,इसी जगह से रेत खदान संचालन के दौरान रोजाना दर्जनों हाइवा-ट्रक धूल उड़ाते गुजरेंगे,स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम ऐसा स्थान है जहां शांति और सम्मान सबसे महत्वपूर्ण है,लेकिन रेत खदान चालू होने पर अंतिम संस्कार के समय भी हो हल्ला होगा और गाड़ियों के हॉर्न की गूंज सुनाई देती रहेगी,ऐसे में संवेदनशीलता पर सीधा आघात पहुंचेगा,ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि रेत खदान स्थल की तरफ जाने वाले मार्ग के दोनों ओर गांव की दो प्राथमिक स्कूल,दो आंगनवाड़ी केंद्र,घनी आबादी और बेहद संकरी,जर्जर सड़क है,स्कूल के बच्चे प्रतिदिन पैदल इन्हीं रास्तों से गुजरते हैं,ग्रामीणों ने बताया कि यहां की सड़क पहले से ही जर्जर हालत में है,ऐसे में 20–25 टन भार ढोने वाले वाहनों का दबाव इसे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर देगा,ग्रामीणों ने कहा कि यहां पहले से ही कई घर मार्ग से सटे हुए हैं,भारी वाहनों की आवाजाही से घरों में धूल, लोगों को सांस लेने में दिक्कत,मवेशियों को प्रभावित और दुर्घटना का भय लगातार बना रहेगा,ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि रेत खदान शुरू होने से सीधे प्रभावित होने वाली आबादी हजारों की संख्या में है,शिक्षा संस्थान और सार्वजनिक स्थल भी इसके दायरे में आ रहे हैं,ग्रामीणों ने इस निर्णय को गांव के हित के विपरीत बताया है।

# विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने मदगुरी एवं लरीमा हाई स्कूल में की साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी



विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य एवं जिपं अध्यक्ष हिरामुनि निकुंज,जनपद अध्यक्ष बसंती भगत,जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी की उपस्थिति में मदगुरी हाई स्कूल में 21 एवं लरीमा हाई स्कूल में 19 छात्राओं को साइकिल वितरण किया। दोनों विद्यालय के बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिस पर विधायक उद्धेश्वरी री पैकरा द्वारा दोनों विद्यालय के बालिकाओं को 1500-1500 की नगद राशि से पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि सभी बालिकाएं समय से विद्यालय आना जाना करें तथा मन लगाकर पढ़ाई करते हुए घर के कामकाज में भी मां पिता का हाथ बटाए। शासन आज कल जन्म से लेकर पूरे पढ़ाई समय तक पढ़ने वाले बालक,बालिकाओं के लिए कई योजनाओं का लाभ दे रहा है। सरस्वती साइकिल वितरण योजना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के शासन से लागू की गई है, जो आज भी जारी है। इस दौरान लक्ष्मण सिंह पैकरा, केदार गुप्ता, राकेश भारती, राजेश्वर गुप्ता, मुरारी सोनी, सुनीता भगत, बालों बाई, रविन्द्र भगत,थाना प्रभारी कोरंधा सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, अभिभावक विद्यालय के शिक्षक के अलावा बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र,छात्राएं उपस्थित थे।

गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा के दौरान संयुक्त टीम ने केतकी खदान व क्षेत्रीय लैब का किया निरीक्षण

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में इन दिनों गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा सक्रिय रूप से चल रहा है,इसी क्रम में शुक्रवार को क्षेत्र की महत्वपूर्ण केतकी खदान और क्षेत्रीय लैब का उच्च अधिकारियों की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान खदान संचालन,सुरक्षा मानकों,सैंपल की गुणवत्ता और लैब परीक्षण प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा की गई,उच्च अधिकारियों के निरीक्षण दल में विजय कुमार राय मुख्य प्रबंधक गुणवत्ता,हरीश कुमार उप प्रबंधक गुणवत्ता,बसंत लाल राजवाड़े तकनीकी निरीक्षक,क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह तथा अन्य तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहे,टीम ने खदान के विभिन्न सेक्शनों का दौरा किया और उत्पादन कार्य तथा सुरक्षा उपायों के अनुपालन की स्थिति का मूल्यांकन किया,इसके बाद क्षेत्रीय लैब में नमूनों की जांच प्रक्रिया, सटीकता और रिकॉर्डिंग सिस्टम की विस्तृत समीक्षा की गई,निरीक्षण उपरांत टीम लीडर विजय कुमार राय ने गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया।




## मन की बात कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मन की बात समिति की प्रथम बैठक व कार्यशाला नवानगर में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य एवं मण्डल अध्यक्ष बाली चरण यादव की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने उपस्थित पदाधिकारियों से चर्चा की तथा हर माह अलग-अलग थीम पर कार्ययोजना बनाकर एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता, खेल-कूद प्रतियोगिता सभी 787 बूथों पर आयोजित करने को कहा।

उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के विधानसभावार कार्यक्रम में युवाओं को सम्मिलित करवाने तथा एसआईआर पर सभी बूथों में बीएलए 2 को सक्रिय भागीदारी रखने का मण्डल अध्यक्षों से आग्रह किया। कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा अनवरत जनता के बीच में जाकर कार्य करते रहती है। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता एवं जनता से रूबरू होने का एक माध्यम है। निश्चल प्रताप सिंह ने कहा कि दीपावली में स्वदेशी वस्तुओं की जमकर खरीदी हुई, और निश्चित रूप से अपना देश स्वालंबी होता जा रहा है। निलेश सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 90 प्रतिशत गणना पत्रक भरे जा चुके हैं। गणना पत्रक भरने की तिथि बढ़ाकर 12 दिसम्बर कर दी गयी है।

जिला संयोजक जन्मेजय मिश्रा ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यशाला का संचालन सह संयोजक श्रवण दास व आभार प्रदर्शन महेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में 10 मण्डल के अध्यक्ष व 14 मण्डल से मन की बात के संयोजक, सह संयोजक उपस्थित थे। कमलेश तिवारी, दिनेश बारी, प्रबोध मिंज, अखण्ड विधायक सिंह, त्रिलोचन सदावर्ती, भगत सिंह पैकरा, आशीष गुप्ता, संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मिर्गी का दौरा पड़ने से गिरा बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** कांसाबेल अंतर्गत ग्राम बंगलाटोरी सहरा पानी निवासी जस्बावीन कुजूर आ. नासरीत कुजूर (31 वर्ष) गांव में बाइक से अकेले किराना दुकान में सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने से अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को कांसाबेल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।




**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहर लाल सिंह आ. स्व. अमरसाय, जाति गोड़, निवासी ग्राम भगवानपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा ग्राम भगवानपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 241, 265, 267, 319 रकबा क्रमशः 0.100, 0.600, 0.590, 0.100 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध वसीयतनामा दिनांक 26.09.2024 को निष्पादित वसीयत के आधार पर वसीयतकर्ता अमरसाय आ. बुलाराम का नाम विलोपित कराकर, अपना नाम दर्ज कराने बावत् आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/12/2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक-12/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02**

### किसानों पर स्वयं हमाली कर बोरी भरने का दबावः जिपं सदस्य से कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मदनपुर।** जिला प्रशासन धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू बताने में जुटा है, लेकिन किसानों की परेशानी कम होता नजर नहीं आ रहा है। किसी तरह किसानों का पंजीकरण तो हो गया, लेकिन अब धान बिक्री करने में किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरीदी केंद्र में किसानों पर स्वयं हमली कर बोरी भरने का दबाव बनाने की शिकायत को लेकर जिपं सदस्य ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने बताया कि पंचायत क्षेत्र का दौरा करने के दौरान किसानों की शिकायतों पर वे धान खरीदी मंडी पहुंचे। वहां किसानों ने खुलासा किया कि मंडी समिति के कर्मचारी दबाव डालकर प्रति बोरी 41 किलो 300 ग्राम तक धान भरवा रहे हैं, जिससे किसान को नुकसान हो रहा है। इतना ही नहीं मंडी में मजदूरों की कमी बताकर किसानों से ही हमाली का काम करवाया जा रहा है। विरोध जताने पर मंडी प्रबंधक धमकियां देकर किसानों को डराने-धमकाने लगते हैं। यह समस्या खासकर सिलफिली, कंदरई और जयनगर धान खरीदी मंडियों में चरम पर है। इन मंडियों के प्रबंधकों का पूर्व में स्थानांतरण हो चुका है, फिर भी वे डटे हुए है। जिपं सदस्य से प्रशासन से हस्तक्षेप कर मामले की जांच व कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



































## खबर संक्षेप

### 14 विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 4 दिसंबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 14 सांस्कृतिक व साहित्यिक विधाओं में युवाओं ने उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने युवाओं को अनुशासन, स्पष्ट लक्ष्य और राष्ट निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी। पंथी, राउत नाचा, सुआ, करमा, लोकगीत, नाटक, रॉक बैंड, चित्रकला, कविता, कहानी और नवाचार सहित कई विधाओं में प्रस्तुतियां हुइं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उत्सव में निर्णायक दल, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, शिक्षक सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 8 को

**बैकुण्ठपुर।** हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति कचहरीपारा द्वारा आगामी 8 दिसंबर को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जानकारी के अनुसार विशाल हिन्दू सम्मेलन 8 दिसंबर को स्थानीय मानस भवन के सामने अभ्यास शाला मैदान में दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित किया गया हैं। उक्त आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने की अपील की गई है।

### जस्ट-इन-टाइम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा संचालक कोष एवं लेखा छग रायपुर से जारी आदेश के तहत शुक्रवार को जिला कोषालय में एसएनए-स्पर्श मॉडल एवं आरबीआई आधारित ई-कुबेर जस्ट-इन-टाइम प्रणाली के सफल और सुचारू क्रियान्वयन के उद्देश्य से व्यापक प्रशिक्षण आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की अगुवाई जिला कोषालय अधिकारी मनबोध राम यादव ने की। उन्होंने केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए निधि प्रवाह की नवीनतम प्रक्रिया, एसएनए-स्पर्श प्रणाली की कार्यप्रणाली और ई-कुबेर प्लेटफॉर्म के माध्यम से रियल टाइम भुगतान की तकनीक पर विस्तृत जानकारी दी। 5 दिसंबर को आयोजित प्रशिक्षण में जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी, लेखापाल और डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल हुए, जिन्हें जस्ट-इन-टाइम प्रणाली के लाभों, भुगतान प्रक्रिया की पारदर्शिता, बजट नियंत्रण की सटीकता एवं निधियों के सीधे और समयबद्ध हस्तांतरण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### हाथी के लगातार मूवमेंट से ग्रामवासी दहशत में

# दंतैल का तांडवः 6 मवेशियों को मारा, एक ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के खड़गवां वन परिक्षेत्र में पिछले दो दिनों से एक दंतेल हाथी का लगातार मूवमेंट जारी है। हाथी की गतिविधियों से क्षेत्र के कई गांवों में दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीण रातभर पहरा देकर सतर्कता बरत रहे हैं।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 4 दिसंबर को दंतेल हाथी परिक्षेत्र-खड़गवां परिसर देवाडाड़ के कक्ष क्रमांक 622 के ग्राम बेलकामार के बिरनी डाड़ से होते हुए कक्ष क्रमांक 623 में, तत्पश्चात बीट सकड़ा के 607 एवं बीट बहेराबांध के कक्ष क्रमांक 611, 617 में घंटों तक घूमता रहा। देर रात हाथी ने दिशा बदलते हुए बेलबहारा की ओर रूख किया। शुक्रवार की सुबह 5 दिसंबर को हाथी बीट बेलबहारा कक्ष क्रमांक 598 में विचरण करता देखा गया।


दंतैल के हमले से घायल ग्रामीण।



मृत मवेशी।

वन अमला मौके पर पहुंचकर निगरानी में जुटा हुआ है तथा ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की समझाइश दी जा रही है। हाथी की मौजूदगी से कई स्थानों में फसल और पशुधन को नुकसान पहुंचने की रिपोर्ट वन विभाग को प्राप्त हुई है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पशुधन हानि गाय 3 रास, बैल 2 रास, भैंस 1 रास, साथ ही 1 भैंस आधी घायल जनहानि, एक व्यक्ति घायल (अर्ध घायल) बताया गया है। वन विभाग की टीम क्षति का मौका मुआयना कर फसल व पशु हानि का मूल्यांकन कर रही है, इसके बाद क्षतिपूर्ति प्रकरण तैयार किया जाएगा। वन विभाग की आशंका है कि हाथी आगे कोड़ा, नेवारी, कश्बाहारा एवं मरवाही वनमंडल की ओर बढ़ सकता है। इसके लिए संबंधित रेंज को अलर्ट जारी कर दिया गया है।

#### वन विभाग ने की अपील

क्षेत्र में हाथी आने की खबर के बाद वन विभाग द्वारा दंतैल हाथी पर नजर बनाए हुए हैं और प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को मुनादी कराकर जंगल नहीं जाने एवं हाथी से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की साथ ही हाथी के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं किए जाने की समझाइश दी गई है। वन विभाग के अनुसार दंतैल हाथी इस क्षेत्र से ग्राम कोडा, नेवरी, कांसबहरा एवं मरवाही वन मंडल क्षेत्र की ओर जाने की संभावना जताई है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि अनावश्यक बाहर नहीं निकलें, भीड़ नहीं करें, शोर नहीं मचाएं, हाथी की दिशा की सूचना वन विभाग को तुरंत दें, रात्रि में समूह में ही आवागमन करें।

#### फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

एमसीबी जिले के खड़गवां जनपद क्षेत्र में एक दंतैल हाथी उत्पात मचा रहा है। दंतैल हाथी ने वन परिक्षेत्र खड़गवां क्षेत्र में किसानों के फसलों को क्षति पहुंचाने के साथ पशुधन को भी हानि पहुंचाई। दंतैल के द्वारा क्षेत्र में तीन गाय, दो बैल, एक भैंस को घायल करने के साथ एक व्यक्ति को भी घायल कर दिया। वर्तमान में हाथियों की गतिविधि से प्रभावित गांवों में डर का माहौल है।

# अब तक 1.79 लाख क्विंटल धान खरीदी



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में धान उपार्जन कार्य तेजी से जारी है। शुक्रवार को विभिन्न उपार्जन केन्द्रों से कुल 20,429.40 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज की गई। इस दौरान 227 किसानों ने टोकन प्राप्त किए, इनमें से 183 टोकन से वास्तविक खरीदी की गई। वहीं अनेक खरीदी केन्द्रों में बड़ी संख्या में किसान अब रकबा समर्पण के लिए भी पहुंच रहे हैं। साथ ही रकबा संशोधन की समाधान भी नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। जिले में अब तक 3 हजार 635 पंजीकृत किसानों से 1 लाख 79 हजार 300 क्विंटल धान खरीदा गया है। इसके एवज में किसानों के खातों में 42 करोड़ 47 लाख 61 हजार 700 रूपए जमा किए गए हैं। कृषि ऋण के विरूद्ध अब तक 8 करोड़ 47 लाख 3 हजार 780 की वसूली। समितियों में 6 लाख 18 हजार 500 नए और 5 लाख 84 हजार 804 पुराने बारदाने उपलब्ध, धान खरीदी में कोई कमी नहीं। उपार्जन केन्द्रवार विवरण के अनुसार शुक्रवार को पटना केन्द्र ने 46 टोकन से 2,322 क्विंटल धान खरीदा। गिरजापुर में 28 टोकन से 1,605.20 क्विंटल उपार्जन हुआ। पोंडी ने 26 टोकन से 1,560.40 क्विंटल धान खरीदा। इसके अलावा अन्य प्रमुख उपार्जन केन्द्रों जामपारा 1,552.80 क्विंटल, सरभोका- 1,396.40 क्विंटल, बैमा 1,070.80 क्विंटल चिरमी 885.20 क्विंटल, तरगवां 827.20 क्विंटल, धौराटिकरा 773.20 क्विंटल, रजौली-अकलासई 182 क्विंटल, रामगढ़ 322.80 क्विंटल खरीदी रही। वहीं उपार्जन केन्द्रों में अमानक व अवैध धान को लेकर प्रशासन सतर्क है। कटगोड़ी केन्द्र में कृषक नंदलाल के 50 बोरी धान रिजेक्ट, बाबूलाल के 2 बोरी अमानक धान जब्त किया गया, पटना केन्द्र में कृषक श्यामलाल के 190 बोरी धान रिजेक्ट किया गया। वहीं सोनहत (ग्राम बदरा) में तहसीलदार टीम ने कृषक राधेश्याम से 21 बोरी अवैध धान जब्त किया।

- 3600 से अधिक किसानों के खाते में 42 करोड़ से ज्यादा राशि दी गई

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट्स-गाइड्स सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लखनऊ में 23 से 29 नवंबर तक आयोजित 19 वीं राष्ट्रीय जंबूरी एवं डायमंड जुबली जंबूरी में कोरिया जिले के भारत स्काउट्स एवं गाइड्स दल ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया।

जंबूरी से वापसी के पश्चात रविवार को प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर कोरिया चंदन त्रिपाठी से मुलाकात की, जहां कलेक्टर ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित कर प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रतिनिधि दल में जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट विनोद कुमार राय, जिला क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड आशा एक्का, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड निशा खान, वरिष्ठ गाइडर विजय कुजूर, प्रियंका राजवाड़े, जंबूरी जिला प्रभारी शिव प्रताप सिंह सहित समूची जंबूरी टीम शामिल रही। दल ने कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।


कलेक्टर के हाथों सम्मानित होते स्काउट्स-गाइड्स।

सम्मानित प्रतिभागियों में स्काउट्स मृत्युंजय राजवाड़े, ईशु राजवाड़े, सुशील कुमार, अनुज किंडो, शुभम, स्ंजय सिंह तथा गाइड्स श्रेया भगत, सीमा यादव, सिमरन कुजूर शामिल रहे। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय मंच पर प्रतिभागियों द्वारा दिखाया गया अनुशासन, नेतृत्व क्षमता व कौशल पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। ऐसे आयोजनों से युवा वर्ग में आत्मविश्वास, राष्ट्रीय चेतना और नई दिशा विकसित होती है।

स्काउट्स-गाइड्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार परिणाम हासिल किए। इसमें ए ग्रेड मार्च-पास्ट, कैम्प फायर, रंगोली, राज्य प्रदर्शनी, एथनिक शो, पीजेंट शो, कलर पार्टी, फिजिकल डिस्प्ले, बी ग्रेडः कैम्प क्राफ्ट, स्टेट गेट, फोक डांस, फूड प्लाजा, सी ग्रेडः पायनियरिंग प्रोजेक्ट रहा।

### जनकपुर में पीएमएनएएम अप्रेंटिसशिप मेला 8 को

**मनेन्द्रगढ़।** जनकपुर स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 8 दिसंबर को भारत सरकार की नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के अंतर्गत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला पीएमएनएएम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में दसवीं, बारहवीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण युवा प्रतिभागियों को अपने कौशल और योग्यता के अनुरूप रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप अवसर प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। संस्था द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मेले में प्रदेश और आसपास के विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों को आमंत्रित किया गया है, जहां उद्योग स्वामी और प्रबंधक स्वयं उपस्थित होकर अपनी आवश्यकतानुसार युवाओं का चयन करेंगे।

# डिजिटल युग में कंप्यूटर मानव जीवन का अभिन्न हिस्साः सिंह

**बैकुण्ठपुर।** शहर के संजय नगर तलवापारा स्थित आईसेक्ट कॉलेज बैकुंठपुर में शुक्रवार को शपथ ग्रहण एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पूजा-अर्चना से की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत बैच लगा कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के प्रथम चरण में आईसेक्ट कॉलेज के संचालक नरेश सोनी द्वारा वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में बैच वाइज कक्षा प्रतिनिधियों की चयन प्रक्रिया के विषय में अतिथियों को अवगत कराया एवं अतिथियों द्वारा सभी कक्षा प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई तथा उन्हें संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। द्वितीय चरण में विगत सत्र 2024-25 में डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। तृतीय चरण में विभिन्न विगत वर्ष खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार शील्ड वितरित की गई। कार्यक्रम के विभिन्न चरणों के बीच में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल व अधिवक्ता अजय सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता केबी नामदेव रहे। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, प्रशासन, कृषि से लेकर दैनिक जीवन तक—हर क्षेत्र में कंप्यूटर तकनीक नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। आने वाला समय पूरी तरह तकनीक आधारित होगा और जो युवा कंप्यूटर एवं आईटी क्षेत्र में दक्षता प्राप्त करेंगे, वहीं भविष्य की नई दिशा तय करेंगे। वहीं अतिथि श्री नामदेव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कंप्यूटर केवल मशीन नहीं, बल्कि ज्ञान, शोध एवं नवाचार का माध्यम है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, डेटा साइंस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में करियर के असीम अवसर मौजूद हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ रचनात्मक सोच विकसित करने तथा डिजिटल कौशल सीखने की प्रेरणा दी। संस्था प्रमुख श्री सोनी द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं कॉलेज के सभी स्टॉफ मेंबर्स को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि संस्थान भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकाश के लिए इस तरह के आयोजन करता रहेगा। इसमें विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक अच्छा मंच प्रदान किया जाए। कार्यक्रम में मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापक कमल द्विवेदी ने किया गया। अंत में संचालक नरेश सोनी एवं सह-संचालक श्रीमती वसुधा सोनी द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार प्रदर्शित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में प्राध्यापकगण प्रवीण तिवारी, प्रदीप साहू, आशीष नामदेव, हरिओम साहू, रूपाली, देवलाल, रागिनी, अमीषा, नारायण मुदुली, रौनक सबा सहित अन्य सराहनीय योगदान रहा।

- आईसेक्ट कॉलेज में शपथ ग्रहण एवं पुरस्कार वितरण समारोह


शपथ के बाद प्रमाण पत्र देते अतिथि।


प्रस्तुति देती छात्राएं।

# बीमा योजना से मिला दो लाख

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रामीण महिलाओं की सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना लगातार सकारात्मक परिणाम दे रही है। यह योजना विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सदस्य महिलाओं के लिए आर्थिक सुरक्षा का मजबूत माध्यम बनती जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत मनवारी के जीवन मां दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य रही स्व. इन्द्रावती विश्वकर्मा के परिवार को योजना का बीमा लाभ प्रदान किया गया। स्वाभाविक निधन के बाद उनके नामित वारिस रामज्ञया विश्वकर्मा को योजना के तहत दो लाख रूपए की बीमा दावा राशि प्रदान की गई। आर्थिक कठिनाइयों के समय यह सहायता परिवार के लिए एक बड़ी राहत बनी, जिससे वे दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने तथा भविष्य की योजना बनाने में समर्थ हो सके। इस बीमा दावा प्रक्रिया को सुगम और समयबद्ध तरीके से पूरा करने में छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बीआरएलएम) के अधिकारी-कर्मचारी कैडर और छग राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा केल्हारी के प्रबंधक राजकमल राजीव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# बीएलओ के साथ दुर्व्यवहार सरपंच पति ने मांगी माफी

**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत बिछियाटोला में 29 नवंबर को आयोजित ग्राम सभा के दौरान एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुष्मिता तिवारी के साथ सरपंच पति दीप नारायण द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला अब प्रशासनिक स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है। ग्राम सभा में बाल विवाह मुक्त शपथ कार्यक्रम को लेकर सुष्मिता तिवारी सरपंच श्रीमती सोनकुंवर से औपचारिक चर्चा कर रही थीं, तभी सरपंच पति ने बीच में दखल देते हुए न सिर्फ सभा की प्रक्रिया में बाधा डाली, बल्कि दुर्व्यवहार कर सभा की गरिमा को ठेस पहुंचाई, इससे पूर्व भी भारत निर्वाचन आयोग के तहत संचालित एसआईआर पंचनामा कार्य के दौरान सरपंच सोनकुंवर को हस्ताक्षर करने से रोकने का मामला सामने आ चुका है। शिकायत के बाद केल्हारी तहसीलदार सतरूपा साहू ने हस्तक्षेप करते हुए सरपंच पति को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था कि एसआईआर प्रक्रिया में सरपंच द्वारा हस्ताक्षर पंचनामा कराना पूरी तरह अनिवार्य है तथा कोई भी व्यक्ति शासकीय कार्य में अनधिकृत रूप से बाधा पैदा नहीं कर सकता। एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ अभद्रता किए जाने के बाद सरपंच पति दीप नारायण ने अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय केल्हारी में उपस्थित होकर एसडीएम श्रीमती इंदिरा मिश्रा के समक्ष अपने व्यवहार के लिए मौखिक और लिखीत रूप से माफी मांगी।

### जिले में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने बनाया गया था जोन

# कोरिया खेल जोन भंग, अब सरगुजा जोन में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोरिया और सूरजपुर जिले को मिलाकर प्रशासनिक सुविधा को देखते हुए सरगुजा जोन से अलग कर नया कोरिया खेल जोन का बनाया गया था, लेकिन प्रदेश में सरकार बदलने के साथ ही कोरिया खेल जोन को भंग कर दिया गया और पूर्व की तरह कोरिया सूरजपुर जिले को सरगुजा खेल जोन में शामिल कर लिया गया।

इस निर्णय से कोरिया-सूरजपुर के खेल प्रेमियों में भारी निराशा हुई, लेकिन इस दिशा में अब तक पुनः प्रयास नहीं किया गया कि कोरिया को स्वतंत्र खेल जोन बनाया जाए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में भाजपा सरकार के दौरान जब युवा एवं खेल कल्याण व श्रममंत्री भईयालाल रहे, तब कोरिया व सूरजपुर जिले को मिलाकर स्वतंत्र खेल जोन बनाया गया था, लेकिन सरकार बदलने के बाद स्वतंत्र खेल जोन कोरिया को भंग कर पुराने सरगुजा खेल जोन में शामिल कर लिया गया, इससे कोरिया व सूरजपुर के खिलाड़ियों में भारी निराशा पनपी, लेकिन इस दिशा में किसी तरह का आवाज नहीं उठाए जाने के कारण कोरिया खेल जोन का अस्तित्व मिट गया।



#### तीन जिलों को मिलाकर बने खेल जोन

जिस तरह से पूर्व में कोरिया व सूरजपुर जिले को मिलाकर स्वतंत्र नया खेल जोन बनाया गया था और बाद में उसे भंग कर दिया गया, इससे कोरिया सूरजपुर जिले के खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में अपने खेल प्रतिभा को दिखने के लिए अवसर सीमित हो गए हैं। ऐसे में अब पुनः कोरिया सूरजपुर के साथ एमसीबी जिले को मिलाकर स्वतंत्र खेल जोन बनाए जाने की जरूरत हैं, ताकि इन जिलों के खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में अधिक अवसर जोन स्तर एवं राज्य स्तर पर मिल सके।

#### कोरिया में कई नेशनल खिलाड़ी

कोरिया जिले में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है ऐसे खिलाड़ियों को तलासने व तरासने की। जिले में विभिन्न खेल कौशल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उचित माहौल के साथ सुविधा मिले को जिले में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी निकल सकते हैं। इस लिहाज से भी कोरिया जिले को नया खेल जोन बनाने जाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

**कडे मुकाबला के साथ सीमित संख्या_** कोरिया खेल जोन को भंग कर सरगुजा खेल में पूर्व के अनुसार शामल करने से कोरिया व सूरजपुर जिले केखिलाड़ियों को संभाग स्तर पर तथा राज्य स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी प्रतिस्प्रधा का सामना करना पड़ेगा, वहीं कड़ी मुकाबले के बाद सीमित संख्या में खिलाड़ी संभाग स्तर एवं राज्य स्तर पर पहुंचेंगे। इस लिहाज से कोरिया जोन को पुनः अस्तित्व में लाया जाता है तो कोरिया सूरजपुर के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को संभाग व राज्य स्तर खेलने का मौका मिलता।

### मारपीट करने के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

नवागढ़। पुरानी रंजिश को लकर एक राय होकरघर अंदर घुसकर मारपीट करने के मामले में 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को शाम करीब 6 बजे आरोपी आरोपियों द्वारा एक राय होकर पुरानी रंजिश को लेकर अश्लील गाली करते हुए घर अंदर घुसकर गैती का बेट, डंडा से मारपीट किया था। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना नवागढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# अफसरों ने दी दबिश, उम्र कम मिलने पर रूकवाई शादी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बाल विवाह की सूचना पर अफसरों की टीम ने बारगांव में दबिश देकर नाबालिग बालिका का विवाह रूकवाया गया। साथ ही निर्धारित उम्र में विवाह करने की सलाह दी।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में बाल विवाह की सूचना पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अनिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व में टीम ने ग्राम बारगांव (पामगढ़) पहुंचकर संभावित बाल विवाह की जांच की। जांच के दौरान बालिका की अंकसूची का परीक्षण किया गया, जिसमें उसकी आयु 17 वर्ष 6 माह 24 दिन पाई गई जो विवाह की निर्धारित आयु सीमा से कम थी। इस पर विभागीय दल ने बालिका, माता-पिता एवं स्थानीय ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा कानूनी प्रावधानों से अवगत कराते हुए समझाइश दी। समझाइश के बाद स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालिका के माता-पिता की सहमति से विवाह को रोक दिया गया तथा बाल विवाह न करने संबंधी घोषणा पत्र एवं राजीनामा पत्र पर हस्ताक्षर किए। माता-पिता, रिश्तेदार, विवाह में सहयोग करने वाले व्यक्ति एवं विवाह संपन्न कराने वाले पूजारी के विरुद्ध केस दर्ज किया जा सकता है। दंड स्वरूप 2 वर्ष का सश्रम कारावास से दंडित किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिंदू महासंगम का आयोजन 9 को

**बिश्रामपुर।** शहर में धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का भव्य संगम का आयोजन 9 दिसंबर को होने जा रहा है,हिन्दू जनजागरण समिति मण्डल बिश्रामपुर द्वारा आयोजित हिन्दू महासंगम के लिए तैयारियां तेज हो चुकी हैं, गौरतलब है कि 9 दिसंबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे से दशहरा मैदान केंद्रीय चिकित्सालय के सामने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर बिश्रामपुर खंड में हिंदू महासंगम का विशेष रूप से आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने और सामाजिक एकता का संदेश घर-घर पहुंचाने स्वयंसेवक लगातार ग्रामीण क्षेत्रों,कॉलोनियों और बाजारों में जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र बांट रहे हैं,हर घर तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर स्वयंसेवक सुबह से शाम तक संपर्क अभियान चला रहे हैं,आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और सामाजिक समरसता का महापर्व होगा,कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है,आयोजन समिति ने बताया कि महाभंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है।

### संयुक्त टीम ने केतकी खदान क्षेत्रीय लैब का किया निरीक्षण



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में इन दिनों गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा सक्रिय रूप से चल रहा है,इसी क्रम में शुक्रवार को क्षेत्र की महत्वपूर्ण केतकी खदान और क्षेत्रीय लैब का उच्च अधिकारियों की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान खदान संचालन,सुरक्षा मानकों,सैंपल की गुणवत्ता और लैब परीक्षण प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा की गई,उच्च अधिकारियों के निरीक्षण दल में विजय कुमार राय मुख्य प्रबंधक गुणवत्ता,हरीश कुमार उप प्रबंधक गुणवत्ता,बसंत लाल राजवाड़े तकनीकी निरीक्षक,क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह तथा अन्य तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहे,टीम ने खदान के विभिन्न सेक्शनों का दौरा किया और उत्पादन कार्य तथा सुरक्षा उपायों के अनुपालन की स्थिति का मूल्यांकन किया,इसके बाद क्षेत्रीय लैब में नमूनों की जांच प्रक्रिया, सटीकता और रिकॉर्डिंग सिस्टम की विस्तृत समीक्षा की गई,निरीक्षण उपरांत टीम लीडर विजय कुमार राय ने गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया।

### रासेयो ने योगाभ्यास के बाद निकाली जागरूकता रैली




**करवां।** उमा विन्ध्यवासिनी संस्कार महाविद्यालय लटोरी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय कार्य योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत गजाधरपुर में रैली तथा योगाभ्यास से किया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत गजाधरपुर के ग्राम पंचायत भवन का मैदान, नल की साफ - सफाई कर जागरूकता का संदेश दिया गया। मध्यांतर में बौद्धिक चर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा, सहायिका पूर्णिमा जायसवाल उपस्थित थी। एनएसएस अधिकारी भागीरथी पातर, सहायक अधिकारी सुश्री उषा किरण भगत। स्वयं सेवकों की टीम द्वारा गीत प्रस्तुति, स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय तथा दार्शनिक विचारों का वर्णन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा युवाओं के कर्त्तव्य एवं देश हमारा विकसित हो समाज सेवा की राह में चले आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हेल्थ प्लस

### रविवार गायत्री हॉस्पिटल में स्पेशलिस्ट सेवाएं प्रदेश के विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे उपचार

**अम्बिकापुर।** बनारस रोड स्थित गायत्री हॉस्पिटल में रविवार प्रदेश के विशेषज्ञ डॉक्टर उपचार के लिए उपलब्ध रहेंगे। हॉस्पिटल प्रबंधन के अनुसार विभिन्न गंभीर रोगों के लिए अब शहर में ही उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलेगी, जिससे मरीजों को रायपुर या अन्य बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि किडनी, नस–दिमाग, पेट–लिवर तथा रक्त संबंधी बीमारियों के लिए अनुभवी विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। संस्थान में अत्याधुनिक जांच सुविधा और प्रशिक्षित मेडिकल टीम उपलब्ध है। रविवार को नेफ्रोलॉजी डॉ. विनय कुमार, न्यूरोसर्जन डॉ. आशु जैन, गैस्ट्रो–लिवर विशेषज्ञ डॉ. आकाश गर्ग, हेमेटोलॉजी डॉ. निहार गुप्ता रविवार को गायत्री हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे।

## पेज 1 के शेष...

### महिला व युवती की तस्करी...

को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही घटना में शामिल महिला और एक अन्य खरीददार फरार चल रहे थे। पुलिस ने जांच के बाद मुखबिर से मिली सूचना के बाद एमपी उज्जैन के घटिया ताजपुर भान बड़ोदिया निवासी अशोक परमार आ.चुन्नीलाल परमार व महिला अलका को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपियों को बीएनएस की धारा 143 (2),187, 3(5), 140 (3) 142,144, (2) 64 2 डी के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणिपुर अश्विनी सिंह, सउनि शौखी लाल, आरक्षक सत्येंद्र दुबे की मुख्य भूमिका रही।

---

गंभीर एवं सामान्य मरीजों के लिए है दो अलग-अलग इलेक्ट्रिक वाहन

# मरीजों को लाने ले जाने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपलब्ध है दो वाहन, फिर भी नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- व्हील चेयर और स्ट्रेचर से मरीज का जांच कराने को मजबूर परिजन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए न सिर्फ विभिन्न जांच सुविधाएं उपलब्ध है बल्कि मरीजों को जांच कराने के लिए दो इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। हैरानी की बात तो यह है कि वाहनों के सुविधा होने के बावजूद मरीजों का इसका लाभ नहीं मिल रहा। आलम यह है कि वाहन सुविधा नहीं मिलने से परिजन खुद ही मरीज के जांच कराने के लिए व्हील चेयर को धक्का लगाने को मजबूर है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गंभीर एवं सामान्य मरीज के लिए दो अलग अलग इलेक्ट्रिक वाहन है बावजूद इसके मरीजों को वाहनों का लाभ नहीं मिलने से अब वाहन सिर्फ शो पीस बनकर रह गई है। ऐसे में मुख्य मार्ग होने तथा वाहनों के आवागमन करने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के महिला सर्जिकल, मेडिकल वार्ड सहित एमसीएच में दाखिल मरीजों को सीटी स्कैन, एक्स-रे जांच के लिए पूर्व की भांति सड़क पार कर ओपीडी परिसर ले जाना पड़ता है। एक तो जांच कक्ष के दूर होने तथा दूसरी ओर मरीजों को स्ट्रेचर एवं व्हील चेयर से सड़क पार कराकर ले जाने के दौरान परिजन सहित मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खास कर सड़क दुर्घटना में घायल हुए मरीजों को सड़क से लेकर जाने में न सिर्फ परेशानी होती है बल्कि वाहन से टकराने का भी खतरा बना रहता है। एमसीएच परिसर स्थित विभिन्न वार्ड में दाखिल मरीजों को जांच कराने के लिए परेशानियों का सामना न करना पड़े इसे ध्यान में रखकर अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों को राहत देने के लिए इस वर्ष ही जनवरी माह में लगभग 4 लाख की लागत से इलेक्ट्रिक स्काई राइडर वाहन की खरीदी की गई और मरीजों को विभिन्न जांच कराने लाने ले जाने के लिए उपलब्ध कराई गई। हालांकि इस इलेक्ट्रिक वाहन में मरीजों के सिर्फ बैठने की सुविधा थी जबकि गंभीर मरीजों के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाती थी। समय पर एंबुलेंस नही मिलने के कारण गंभीर मरीजों को जांच कराने लाने ले जाने के लिए स्ट्रेचर का ही सहारा लेना पड़ता था। गंभीर मरीजों के विभिन्न जांच में हो रही परेशानी के मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन द्वारा साल के अंतिम माह दिसंबर में एक और इलेक्ट्रीक स्काई राइडर वाहन की खरीदी लगभग पांच लाख की लागत से की जो गत दिन से मरीजों के लिए शुरू किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल में दाखिल मरीजों के सुविधा के लिए अब दो इलेक्ट्रिक वाहन की सुविधा हो गई है। लेकिन कर्मचारियों के लापरवाही के कारण मरीजों को वाहन सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में परिजन खुद ही मरीज को व्हील चेयर में बैठा कर सड़क पार कर विभिन्न जांच कराने को मजबूर है।



ओपीडी में खड़ी इलेक्ट्रिक वाहन।



व्हीलचेयर से मरीज को जांच कराने ले जाते परिजन।

### मरीजों की सुविधा के लिए है दो इलेक्ट्रिक वाहन

मरीजों के विभिन्न जांच तथा मरीजों को वार्ड तक पहुंचाने के लिए दो इलेक्ट्रिक वाहन की सुविधा है। एक इलेक्ट्रिक वाहन की खरीदी साल के शुरुआत जनवरी माह में 4 लाख की लागत से की गई तो वहीं दूसरी इलेक्ट्रिक वाहन की खरीदी साल के अंतिम माह दिसंबर में 5 लाख की लागत से की गई। एक वाहन में सिर्फ बैठने की व्यवस्था है जबकि गंभीर के नहीं बैठ पाने पर मरीजों को वाहन से लेकर जाना मुश्किल है। ऐसे अस्पताल प्रबंधन द्वारा दूसरी इलेक्ट्रिक वाहन की खरीदी की गई जिसमें मरीज को लिटा कर आसानी से जांच करने ले जाया जा सकता है।

### दुर्घटना की संभावना

मेडिकल कॉलेज अस्पताल दो हिस्सों में बटा है मुख्य ओपीडी व एमसीएच के बीच से मुख्य मार्ग गुजरी है जहां से बड़ी संख्या वाहन सवार आवागमन करते है। सड़क की एक और ओपीडी, आपात कालीन सेवा, सीटी स्कैन, एक्स-रे, पैथोलेब, ब्लड बैंक व कार्यालय सहित अन्य जांच लेब है। जबकि सड़क की दूसरी ओर 100 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल के अलावा महिला सर्जिकल, मेडिकल व अन्य वार्ड संचालित है। एमसीएच क्षेत्र में दाखिल मरीजों को व्हील चेयर या स्ट्रेचर से जांच के लिए ओपीडी की ओर लाने के लिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में मुख्य मार्ग से गुजर रहे वाहन से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

### मरीज के साथ होते हैं स्टाफ

अस्पताल में मरीजों को विभिन्न जांच कराने के लिए दो वाहन उपलब्ध है। गंभीर मरीजों के लिए स्ट्रेचर वाली वाहन है जबकि सामान्य मरीज के लिए बैठने वाले वाहन है। बैठने वाली वाहन से मरीज जांच कराने गए होंगे जिससे वाहन नहीं मिली होगी। हालांकि मरीज को व्हील चेयर से जांच कराने के दौरान सुरक्षा के लिए स्टाफ साथ होते है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

---

# करंजी रेलवे साइडिंग का राजस्व व पर्यावरण विभाग ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



करंजी रेलवे साइडिंग से फैलते प्रदूषण, अनियमित कोल परिवहन और ग्रामीणों की बढ़ती परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को राजस्व विभाग और पर्यावरण विभाग की संयुक्त टीम ने स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। कोयले का अवैध भंडारण, बिना अनुमति लोडिंग, पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी और धूल नियंत्रण की किसी भी व्यवस्था का न होना पाया गया। ग्रामीणों की शिकायतें सही साबित होने के बाद अब इस साइडिंग को लेकर बड़े स्तर पर कार्रवाई की उम्मीद बढ़ गई है। निरीक्षण टीम के पहुंचते ही साइडिंग परिसर में विशाल मात्रा में कोयले का भंडारण दिखाई दिया।

उसी दौरान लोडिंग भी जारी थी, जबकि शासन स्तर पर इसके लिए आवश्यक अनुमति व दस्तावेज की जांच करने पर कोई भी प्रमाण उपलब्ध नहीं कराया गया। स्थल पर मौजूद साइडिंग इंचार्ज विपिन कुमार साईं कृपा कंपनी, बुढ़ार शहडोल टीम के सवालों पर घिरते नजर आए। बताया जा रहा है कि यहां पर निरीक्षण टीम ने पाया कि पानी छिड़काव की कोई मशीन या टैंकर मौजूद नहीं था, विंड वाल या विंड ब्रेकिंग सिस्टम भी पूरी तरह नदारद, कोयले की ढुलाई से लगातार उठ रही धूल साइडिंग सड़कों और खेतों में फैल रही थी। टीम के अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि इतना बड़ा संचालन बिना धूल नियंत्रण के चलाना गंभीर पर्यावरणीय अपराध की श्रेणी में आता है। यहां पर निरीक्षण के दौरान पर्यावरणीय सहमति, रेलवे संचालन परमिशन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनिवार्य कागजात कहीं भी उपलब्ध नहीं थे। निरीक्षण टीम ने इसे गंभीर लापरवाही व नियमों का खुला उल्लंघन कहा है। साइट प्रतिनिधियों ने बताया कि यहां पर कोयला मेसर्स आमगांव ओसीएम, केतकी अंडरग्राउंड खदान व मेसर्स जगन्नाथपुर ओसीएम से आता है। यहां से लोड होकर कोयला एसजीटीपी बिरसिंहपुर पावर प्लांट व एमआर उत्कल एल्यूमिनियम, उड़ीसा भेजा जाता है।

यहां पर रायगढ़ से कोल डस्ट मंगाकर फ्लोरिंग और लोडिंग का कार्य भी किया जा रहा है। टीम ने इस पर भी कड़ी आपत्ति जताई है। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि हैवी डस्ट से सांस की बीमारियां बढ़ रही हैं। कोयले की धूल खेतों पर जमकर फसलों को खराब कर रही है। धूल और गंदगी तालाबों, कुओं और नालों में पहुंच रही है, जिससे पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।ग्रामीणों ने कहा कि साइडिंग के माध्यम से कोल डस्ट की अवैध ढुलाई भी होती है, जिससे सड़कें काली और फिसलनभरी हो जाती हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से तत्काल रोक लगाने और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।राजस्व और पर्यावरण विभाग की टीम ने सभी अनियमितताओं का मौके पर पंचनामा तैयार किया और स्पष्ट किया कि पूरा मामला उच्च अधिकारियों तक भेजा जाएगा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि आगामी दिनों में सख्त निगरानी, नियमों का पालन और आवश्यकता पड़ने पर सीलिंग या संचालन पर रोक जैसी कार्रवाई भी हो सकती है।

---

# सीएमएचओ एवं कार्यक्रम प्रबंधक ने सीएचसी लटोरी का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कार्य में लापरवाही बरतने की मिल रही थी शिकायत
- एक सप्ताह पूर्व ड्यूटी डॉक्टर के नदारद रहने की वजह से लटोरी पुलिस को एमएलसी कराने एवं कानूनी प्रक्रिया में हुई थी देरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी में चिकित्सा व्यवस्था में लापरवाही बरते जाने की शिकायत मिलने पर सूरजपुर सीएमएचओ डॉ कपिलदेव पैकरा और जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव द्वारा सीएचसी लटोरी का औचक निरीक्षण किया गया,जिसमें वहां पर पदस्थ सभी कर्मचारियों का आधार अटेंडेंस उपस्थिति जांच किया गया,साथ ही समय पर अस्पताल खुलने एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधित सभी प्रकार के सुविधाओं को देने के लिए निर्देशित किया गया।

संस्था प्रभारी को 10.30 बजे तक आधार अटेंडेंस की उपस्थिति अनिवार्य रूप से निगरानी करते हुए अनुपस्थित लोगों का सूची सीएमएचओ कार्यालय भेजने के लिए निर्देश दिए गए,इसके बाद नवापारा लटोरी में चल रहे टीकाकरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें ड्यू लिस्ट एमसीएच रजिस्टर, आरसीएच रजिस्टर में बच्चों और गर्भवती माताओं का टीकाकरण इंद्राज करने और गर्भवती माता का चार जांच इंद्राज करने के लिए निर्देशित किया गया।

साथ ही उच्च जोखिम वाले गर्भवती माता का चिन्हांकित कर समय पर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं देते हुए सुरक्षित प्रसव करने हेतु निर्देशित किया गया,गौरतलब है कि सप्ताह भर पूर्व ही यहां पदस्थ चिकित्सक राजेश साव द्वारा ड्यूटी से नदारत रहने की वजह से पुलिसिंग कार्यवाही में विलंब होने की खबर भी प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी,इसी वजह से सीएमएचओ द्वारा आज शुक्रवार को सीएचसी लटोरी का निरीक्षण किए जाने की आशंका जताई जा रही है।




पूछताछ करते सीएमएचओ।

---

# धान खरीदी अव्यवस्था पर फूटा किसानों का गुस्सा, किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- छह दिन की मोहलत के बाद किया धरना प्रदर्शन समाप्त




धान खरीदी केंद्रों में रकबा कटौती, ऑनलाइन टोकन की अव्यवस्था, सहकारी समितियों द्वारा किसानों से जबरन बोरी पलटी व छल्ली कराने जैसी समस्याओं के विरोध में आज बड़ी संख्या में किसानों ने तहसील परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने साफ चेतावनी दी कि यदि छह दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

धरना कार्यक्रम कांग्रेस प्रदेश महामंत्री शिव भजन मरावी के नेतृत्व में किया गया। सभा को संबोधित करते हुए श्री मरावी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान-विरोधी नीतियों ने खेत–खलिहानों में संकट ला दिया है। धान रकबा कटौती और टोकन अव्यवस्था से किसान परेशान हैं। समितियों में किसानों से जबरन बोरी पलटी करवाना असंवेदनशील को दर्शाता है। श्री मरावी ने चेतावनी दी है कि 6 दिनों में व्यवस्था नहीं सुधरी तो प्रतापपुर से सूरजपुर तक आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुश्री शशि सिंह ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसके साथ हो रहे अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना स्थल से किसानों ने कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी प्रतापपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इसमें सभी धान खरीदी केंद्रों पर जबरन करवाए जा रहे बोरी पलटी और छल्ली कार्य को तत्काल बंद करने की मांग की गई है। इस दौरान विद्यासागर सिंह, जगत लाल आयाम, नवीन जायसवाल, इम्तियाज़ जफ़र, त्रिभुवन सिंह, संजीव श्रीवास्तव, हरि कुशवाहा, विजय नारायण कुशवाहा, सुमन प्रजापति, उमेश राजवाड़े, कमलेश राजवाड़े, बृजलाल, राम सुंदर मरकाम, जितेंद्र, विफन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

---

# भू अधिग्रहण अधिनियम का नहीं हो रहा पालन : भगत

- पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री ने प्रदेश सरकार पर बोला हमला



**अम्बिकापुर।** पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने अपने निवास में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार का 2 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशभर में उत्सव मनाने की तैयारी है। राज्य की भाजपा सरकार ने कांग्रेस के 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया तथा काफी विरोध के बाद 200 यूनिट तक हाफ योजना का लाभ अब मिलेगा। धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है, प्रदेश के हजारों किसानों का रकबा काट दिया गया है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक के ग्रामीणों को माइनिंग के लिए केन्द्रीय भू-अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार सरकार मुआवजा नहीं दे रही है।

श्री भगत ने कहा कि जश्न मनाने से पहले सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक विकास व नहीं किए गए विकास कार्यों के साथ कितने स्कूल बंद किए तथा शराब की कितनी दुकानें खोली है इस संबंध में सरकार श्वेत पत्र जारी कर जनता को बताए। उन्होंने कहा कि सरगुजा के मैनपाट में बिना ग्राम सभा के प्रस्ताव के कई ग्रामों में माइनिंग की तैयारी हो रही है जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष है। मैनपाट में माइनिंग हुआ तो पर्यटन की संभावना समाप्त हो जाएगी। घुनघुट्टा नदी एवं मछली नदी सहित अन्य जल स्त्रोतों को क्षति पहुंचाने में सरकार कोई भी कसर नहीं छोड़ रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि जिन क्षेत्रों में माइनिंग होगा, केन्द्रीय भू अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान है परंतु सरकार, प्रशासन एवं कंपनिया इसके विरूद्ध काम कर रही हैं जो लोगों के साथ अन्याय है। श्री भगत ने कहा कि धान खरीदी के लिए किसानों का अब तक पंजीयन नहीं हो पाया है। रकबा में कटौती से किसान परेशान है। अमेरा माइंस में कोयला खनन को लेकर ग्रामीणों एवं एसईसीएल, पुलिस के बीच बुधवार को हुई झड़प को श्री भगत ने जनभावना के विपरीत बताया तथा कहा कि बिना सहमति एवं नौकरी के खनन संभव नहीं है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736







Saraiya
ACHANAKMAAR FOREST RESORT
A PREMIUM ESCAPE
IN THE
HEART OF THE FOREST
10 ACRES OF PURE NATURE, LUXURY & PEACE
• SPACIOUS SUITE ROOM
• ELEGANT DELUXE ROOMS
• TREE HOUSES
• RESTAURANT & OUTDOOR DINING SPACES
• EVENT LAWN & GATHERING AREA
• INFINITY SWIMMING POOL
• KITTY PARTY HALL
• ADVENTURE PLAY AREA
• INDOOR PLAY AREA
• BONFIRE AREAS
• FREE WI-FI & ROOM SERVICE
• AMPLE PARKING SPACE
OPEN NOW
ACHANAKMAAR
Contact Us
+91 96942-65000
+91 96491-65000
Visit Us
VILLAGE SHIVTARAI, KOTA, BILASPUR (CG)